**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1100 बजे**

**प्रधानमंत्री–4 जी सेवा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उ़डीसा से बी.एस.एन.एल की 4–जी सेवा का शुभारम्भ करेंगे। शिमला के कुफरी और धर्मशाला के भंगोटू से इसका सीधा प्रसारण किया जायेगा। प्रदेश में एक हजार 9 सौ 12, 4–जी के टावर लगाये गए हैं। बी.एस.एन.एल ने टी.सी.एस के साथ मिलकर स्वदेशी 4 जी तकनीक बनाई है जो 5–जी में भी अपग्रेड हो सकेगी।

**जीएसटी–पर्यटन**

केंद्र सरकार ने भारत के पर्यटन क्षेत्र को और अधिक किफायती बनाने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ाने और कारीगरों व सांस्कृतिक उद्योगों को समर्थन देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण जीएसटी युक्तिकरण उपायों की घोषणा की है। ये कटौती घरेलू पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी तथा सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देगी। कम जीएसटी दरें मध्यम वर्ग और बजट यात्रियों के लिए होटल में ठहरने को और अधिक किफायती बनाने में सहायक होंगी। होटलों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। 10 से अधिक सीट क्षमता वाली बसों पर जीएसटी की दर 28 से घटाकर 18 प्रतिशत की गई है।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में पिछले तीन वर्ष में प्राकृतिक आपदा से जल शक्ति विभाग की 46 हजार 917 जगह स्कीमें खराब हुई जिसमें विभाग को 4 हजार 150 करोड़ का नुकसान हुआ है। कल राज्य सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि 424 करोड़ रुपए मेनटेनेंस के लिए वित्त विभाग से मांगे गए हैं और एक हजार 227 करोड़ जल जीवन मिशन के अर्न्तगत सरकार से मिलना है।

उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में अब किसी भी कर्मचारी की ठेकेदारों के माध्यम से भर्तियां नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि विभाग में 4 हजार 858 पदों पर भर्ती की जाएगी। बैठक में करुणामूल्क आधार पर 505 प्रस्तावों को भी मंजूर किया गया।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 28 सितम्बर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**राजस्व मामले**

प्रदेश सरकार ने राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से अक्तूबर 2023 से अगस्त 2025 तक 4 लाख 33 हजार 2 सौ 42 से अधिक राजस्व मामलों का निपटारा किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि वर्ष 2023 से आरम्भ हुई राजस्व लोक अदालतें अब हर महीने के अंतिम दो दिनों में नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं।

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन आज माँ दुर्गा के स्कन्द माता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि स्कन्दमाता भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इन्हें मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। शास्त्रों में मां स्कंदमाता की आराधना का काफी महत्व बताया गया है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी, श्री नयना देवी और बृज्रेश्वरी देवी सहित अन्य धार्मिक स्थलों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। राजधानी शिमला के तारादेवी, कालीबाड़ी व ढींगू माता मंदिर में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शीश नवा रहे हैं।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे। नमस्कार......

____________